आकाशवाणी केन्द्र शिमला

10.11.2025 / 1100 बजे

प्रादेशिक समाचार सुनिए

मुख्यमंत्री–दौरा

प्रदेश में आपदा प्रभावित परिवारों को सरकार आज से राहत राशि की पहली किश्त देना आरंभ कर रही है। मंडी के पडडल मैदान में आयोजित हो रहे एक कार्यक्रम में आज मुख्यमंत्री सुखविदंर सिंह सुक्खू मंडी, कुल्लू व बिलासपुर जिला के आपदा प्रभावितों को राहत राशि की पहली किश्त जारी करेंगे जिसमें पूरी तरह ध्वस्त घरों के लिए पहली किश्त में 4 लाख और आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त घरों को 90 हजार की पहली किश्त वितरित की जानी है। इस दौरान मुख्यमंत्री नगवाईं के पनारसा में सरकारी डिग्री कॉलेज का उदघाटन करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री का मण्डी में एक जनसभा को संबोधित करने का भी कार्यक्रम है।

कुलदीप सिंह पठानिया

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने चम्बा जिला के भटियात क्षेत्र में धुलारा में आयोजित पारंपरिक शिव पूजन यानी शिव नुआला में भाग लिया। विधानसभा अध्यक्ष ने इस मौके पर प्रदेश वासियों के सुख–समृद्धि की कामना को लेकर महादेव शिव–शंकर से प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि चंबा जिला में पारंपरिक रूप से शिव पूजन का रिवाज है जिसे शिव नुआला कहा जाता है और लोग इसे बड़ी श्रद्धा व भक्ति भाव के साथ निजी और सामूहिक रूप से आयोजित करते हैं।

बागवानी

प्रदेश में सेब बागवानी के विकल्प के रूप में स्टोन फ्रूट, ड्रेगन फ्रूट के अलावा ब्लू बैरी के उत्पादन को प्रदेश सरकार बढ़ावा दे रही है। इसके लिए बनाई गई योजना पर बागवानी विभाग और नौणी विश्वविद्यालय मिलकर कार्य कर रहा है और सरकार द्वारा योजना के लिए 4 करोड़ रूपए स्वीकृत किए गए हैं। राज्य में बलू बैरी की पैदावार होने पर किसानों और बागवानों की आर्थिकी सुदृढ़ होगी। देश ब्लू बैरी की खपत के लिए अभी तक आयात पर निर्भर है जबकि बाजार में इसकी कीमत 15 सौ रूपए प्रति किलो से अधिक रहती है।

पर्यटन

प्रदेश में अब सर्दियों का पर्यटन सीजन आरंभ हो चुका है और बीते सप्ताह के अंत में शनिवार और रविवार को प्रदेश के पर्यटन स्थलों में सैलानियों की खूब भीड़ नजर आई। वीकेंड में होटलों में करीब 50 फीसदी बुकिंग रहीं। ऊंची चोटियों में इस बार जल्द हुए हिमपात से मनाली के पर्यटन कारोबारी को आने वाले दिनों में पर्यटकों की आमद बढ़ने की उम्मीद है।

स्नो फाल बहुत जल्दी हुआ है और खासकर न्यू ईयर मनाली का बहुत अच्छा रहेगा।

इधर शिमला में भी वीकेंड पर ऐतिहासिक रिज मैदान और माल रोड पर पर्यटकों की संख्या काफी नजर आई . पर्यटकों का कहना है कि शिमला का एक अलग आकर्षण है और अब शिमला पहुंचने के लिए अब सड़क सुविधा बेहतर हो गई है जिसके चलते शिमला पहुंचना सुविधाजनक और आसान हो गया है।

निवेश

पिछले अढ़ाई वर्षों में बद्दी बरोटीवाला क्षेत्र में करीब 5 हजार करोड रुपए का निवेश हुआ है। उद्योग विभाग के उप निदेशक योगेश गुप्ता ने यह जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश सरकार ने इस क्षेत्र में ढाई सौ से अधिक उद्योगों को स्वीकृति प्रदान की है। उन्होंने बताया कि इन उद्योगों के स्थापित होने से यहां पर 20 हजार से ज्यादा लोगों को रोजगार के अवसर प्रदान होंगे।

मौसम

प्रदेश में इन दिनों न्यूनतम तापमान में आ रही गिरावट से लगातार ठंड बढ़ रही है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के मुताबिक प्रदेश में अगले दस दिनों तक मौसम शुष्क बने रहने का अनुमान है। साफ मौसम के चलते शिमला के ऐतिहासिक आईस स्केटिंग रिंक में बर्फ जमाने के लिए तैयारियां शुरू कर दी गई है। आइस स्केटिंग क्लब के सचिव रजत मल्होत्रा ने कहा कि आईस स्केटिंग रिंक में मौसम अनुकूल रहने पर दिसम्बर माह के पहले सप्ताह से आइस स्केटिंग का सत्र शुरू करने के प्रयास होंगे।

लवी मेला

शिमला ज़िले के रामपुर में ऐतिहासिक अंतर्राष्ट्रीय लवी मेला कल 11 से 14 नवंबर तक आयोजित किया जाएगा। व्यापारिक दृष्टि से महत्वपूर्ण इस मेले का शुभारंभ राज्यपाल शिव प्रताप करेंगे। इस चार दिवसीय मेले के दौरान कब्बड्डी, बॉक्सिंग, बैडमिंटन और मिनी मैराथन जैसी गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा सांस्कृतिक संध्याएं भी आकर्षण का केन्द्र रहेंगी।